एक नजर में

कारगिल विजय दिवस पर महाविद्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि

पिपलियामंडी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में श्रद्धांजलि एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अद्वितीय साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डी.सी. बोरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश के वीर जवानों का त्याग प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है और युवाओं को उनसे देशसेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए। चंद्रकला चौहान ने शहीदों के बलिदान को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताते हुए युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। आर.एस. कटारा ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के शौर्य का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके बलिदान के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। प्रो. दीपिका ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया, जबकि गोविंद तवर ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और शहीदों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रीति गिरवाल, प्रो. रितु शर्मा, प्रो. प्रेरणा शर्मा, अमित निमा, कल्पना देवड़ा, विजय शर्मा, तनिष्का चौधरी, मनोजेंद्र शर्मा सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैयालाल लोहार ने संचालन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कनघट्टी ने पेश की मानवता की मिसाल

पिपलियामंडी। ग्राम कनघट्टी में सामाजिक एकता और मानवीय संवेदनाओं का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। विद्युत हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एमपीईबी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी गोपाल कुमावत के उपचार में आर्थिक सहयोग के लिए ग्रामीणों ने जनसहयोग (क्राउड फंडिंग) अभियान चलाकर 1 लाख 21 हजार 547 रुपये की राशि एकत्र की। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व गोपाल कुमावत बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मंदसौर से अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इलाज का खर्च अधिक होने पर गांव के लोगों ने उनकी मदद के लिए क्राउड फंडिंग अभियान शुरू किया। ग्रामीणों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग किया। अल्प समय में ही 1,21,547 रुपये की राशि एकत्रित हो गई। यह राशि गोपाल कुमावत के उपचार के लिए उनके परिजनों को सौंपी जाएगी। इस अभियान का संचालन जय मां भवानी गरबा मंडल, कनघट्टी के युवाओं ने किया। युवाओं की सक्रियता और सेवा भावना की पूरे गांव में सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कनघट्टी एक परिवार की तरह है, जहां हर व्यक्ति सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़ा रहता है। इस जनसहयोग अभियान ने सामाजिक एकता और मानवता की मिसाल पेश करते हुए पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया है।

108 वाहन चालक व टेक्नीशियन के तुरंत निर्णय से महिला का रास्ते में सुरक्षित प्रसव पर बेटी पैदा हुई

टकरावद/नाहरगढ। मंदसौर जिले की नारायणगढ़ लोकेशन 108 इमरजेंसी टेक्नीशियन ईश्वर लाल कुमावत व पायलेट अशोक कारपेंटर ने कृष्णा पति नरेश 19 गांव हरनी खेड़ा को अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने पर तत्परता व तुरन्त निर्णय कर इमरजेंसी को देखते हुए टेक्नीशियन ईश्वर लाल कुमावत व पायलेट अशोक कुमार कारपेंटर ने रास्ते में सुरक्षित स्थान पर गाड़ी रोक कर डिलीवरी करने का निर्णय लिया जिसमें महिला ने स्वस्थ्य लड़की को जन्म दिया है। इसके बाद जच्चा बच्चा को पीएचसी टकरावद हॉस्पिटल भर्ती कराया गया।

शिवना नदी स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषण मुक्त होगी : विधायक

मंदसौर। शिवना नदी को स्वच्छ, सुंदर और निर्मल बनाने के संकल्प के साथ चल रहा शिवना शुद्धिकरण अभियान रविवार को 135वें दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। हल्की बारिश के बावजूद श्रमदानियों का जोश कम नहीं हुआ और सभी ने पूरे समर्पण के साथ श्रमदान करते हुए नदी में बहकर आए जलकुंभी, प्लास्टिक कचरे तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया। अभियान के दौरान नदी से एक ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया।

श्रमदान के दौरान भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप छोटी पुलिया के घाटों के आसपास फैले कचरे की व्यापक सफाई की गई। साथ ही नदी किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। पूर्व में लगाए गए पौधों का भी निरीक्षण किया गया, ताकि उनकी नियमित देखभाल सुनिश्चित हो सके और वे स्वस्थ रूप से विकसित होते रहें।

इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी प्रदूषण मुक्त होगी, बिल्कुल होगी। उन्होंने कहा कि यह केवल सफाई अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे अपना कचरा केवल निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा किसी भी परिस्थिति में नदी या उसके आसपास कचरा न फेंकें। शिवना नदी की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

श्री जैन ने सभी मंदसौरवासियों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक रविवार प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक शिवना शुद्धिकरण अभियान में शामिल होकर श्रमदान करें और इस जनभागीदारी अभियान को और अधिक मजबूत बनाएं।

प्राथमिक विद्यालय को मिली कंप्यूटर टेबल उपहार में

कोटड़ा बुजुर्ग। जहां एक और अशासकीय विद्यालय बालकों को आकर्षित करने के लिए नर्सरी और एलजी से ही कंप्यूटर की शिक्षा देने का दावा करते हैं परंतु शासकीय विद्यालय में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, कतिपय शासकीय विद्यालय के जागरूक शिक्षक पालको और स्वयंसेवी संस्थाओं से संपर्क कर प्राथमिक विद्यालय को भी कंप्यूटराइज करने का कार्य कर रहे हैं। इसी तर्ज पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय बरखेड़ा अंबे में कंप्यूटर तो पहले से ही था, किंतु कंप्यूटर टेबल के अभाव में उसे साधारण टेबल पर सेट करने में परेशानी आ रही थी इसे देखते हुए, एस बी आई बोलिया के पूर्व ब्रांच मैनेजर एवं वर्तमान में धार में एस बी आई में पदस्थ रोहित पाटीदार द्वारा इस विद्यालय को कम्प्यूटर टेबल के लिए सहयोग प्रदान किया गया। इस सहयोग राशि से शाला प्रधानाध्यापक राजेश कुमार पण्डया ने एक कम्प्यूटर टेबल एवं एवं राउंड कुर्सी खरीदी गई।

29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर राम टेकरी में उमड़ेगी श्रद्धा

मंदसौर। अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पूज्य 90 वर्षीय संत स्वामी रामनिवास जी महाराज (बापू) का जीवन त्याग, तपस्या, गुरु-भक्ति और धर्मरक्षा का अनुपम उदाहरण है। चारण कुल में जन्मे स्वामीजी ने बाल्यावस्था में माता-पिता के निधन के बाद वैराग्य का मार्ग अपनाया और कठोर साधना, सेवा एवं अनुशासन के बल पर संत परंपरा में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया।

आचार्य निर्भयराम जी एवं आचार्य रामकिशोर जी महाराज के सान्निध्य में दीक्षित होकर उन्होंने देश-विदेश में रामस्नेही संप्रदाय के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 1972 में आचार्य रामकिशोर जी

महाराज की अमेरिका यात्रा सहित 24 देशों में भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का संदेश पहुंचाने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा।

मंदसौर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाने में भी स्वामी रामनिवास जी महाराज की अहम भूमिका रही। उनके प्रयासों से वर्ष 1967 में राम मोहल्ला स्थित रामद्वारा में ऐतिहासिक चातुर्मास का आयोजन हुआ तथा गीता जयंती महोत्सव और गीता भवन निर्माण जैसी स्थायी धार्मिक परंपराओं की नींव पड़ी। सामाजिक समरसता की दिशा में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य करते हुए दशोरा ब्राह्मण समाज की वर्षों पुरानी परंपरा का सकारात्मक समाधान कराया। वर्तमान में पूज्य बापू राम टेकरी स्थित निर्भय भवन रामद्वारा में तप, साधना और सेवा में निरंतर लीन हैं। गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) पर देशभर से श्रद्धालु उनके दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए पहुंचेंगे। उनका जीवन संदेश देता है कि त्याग, गुरु-निष्ठा और धर्म के प्रति अटूट विश्वास ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति और समाज की अमूल्य विरासत है।

500 क्वार्टर में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर। कोतवाली पुलिस ने 500 क्वार्टर टिगरिया अभिनंदन नगर में हुई चोरी का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया करीब ?25,800 का मशरूका बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 25 जुलाई को फरियादी हर्ष धानक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति उसके घर से एप्पल कंपनी के एयरबड्स, पावर बैंक, चांदी की अंगूठी, चांदी का सिक्का एवं ?800 नकद चोरी कर ले गया। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने जुबेर हुसैन (27) निवासी 500 क्वार्टर टिगरिया अभिनंदन नगर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया पूरा मशरूका बरामद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से गंभीर अपराध, आर्म्स एक्ट एवं महिला संबंधी मामलों सहित कुल छह प्रकरण दर्ज हैं।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह भास्कर के निर्देशन तथा थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में थाना कोतवाली के पुलिस दल की सराहनीय भूमिका रही।

मल्हारगढ़ पुलिस ने 62.55 किलो डोडाचूरा के साथ दो तस्करों को दबोचा

मंदसौर। प्रदेशव्यापी 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत मल्हारगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 62 किलो 550 ग्राम डोडाचूरा एवं तस्करी में प्रयुक्त टाटा ट्रक (क्क08श्वत्र6899) जब्त किया।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर महू-नीमच रोड पर थाना के सामने वाहन की घेराबंदी कर ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक से डोडाचूरा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरनीत सिंह (55) निवासी तरणतारण एवं राजिंदर सिंह (35) निवासी तरणतारण (पंजाब) के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने मादक पदार्थ मल्हारगढ़ क्षेत्र के राजू उर्फ राजेंद्र सिंह से लेना बताया, जो फिलहाल फरार है।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश एवं मादक पदार्थ के स्रोत की जांच शुरू कर दी है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, एसडीओपी पिंटू कुमार बघेल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी के नेतृत्व में की गई।

एक नजर | **मुनिश्री विरल विजयजी व साध्वी शीलमालाश्रीजी का चातुर्मास**

आराधना भवन नई आबादी में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

मंदसौर। नाकोड़ा तीर्थ उद्धारक प.पू. जैन संत हिमाचलसूरिश्वरजी म.सा. के शिष्य प.पू. जैन संत विरल विजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 व साध्वी शीलमालाश्रीजी व रत्नमालाश्रीजी म.सा. का कल रविवार को आराधना भवन नईआबादी में वर्षायोग (चातुर्मास) हेतु भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

श्री विरल विजयजी म.सा. के मंगल प्रवेश के उपलक्ष्य में आराधना भवन जैन श्रीसंघ नईआबादी के द्वारा भव्य चल समारोह (प्रवेश जुलूस) निकाला गया। बैंड बाजे के साथ निकले इस चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रीसंघ से जुड़े परिवार, जैन

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक आमनाय को मानने वाले श्रावक श्राविकाएं परिवार सहित शामिल हुये। संजय गांधी उद्यान से प्रारंभ हुआ यह चल समरोह महू-नीमच रोड़, कम्बल केन्द्र रोड़, नवरत्नसागरसूरि मार्ग, सहकारी बाजार रोड, गुप्ता कचोरी चौराहा, श्री श्रेयांसनाथ जैन मंदिर होते हुये नईआबादी स्थित श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर (आराधना भवन) पहुंचा। पूर्व श्रीसंघ के द्वारा संजय उद्यान में नवकारसी का भी आयोजन हुआ। धर्मसभा के पश्चात बाहर से पधारे गुरुभक्तों के आतिथ्य सत्कार हेतु श्रीसंघ के द्वारा साधर्मी स्वामीवात्सल्य का भी आयोजन हुआ। इस चल समारोह एवं धर्मसभा में शामिल होने हेतु लगभग 500 से अधिक श्री विरल विजयजी म.सा. के भक्तगण राजस्थान, गुजरात सहित कई प्रान्तों से मंदसौर पहुंचे। चल समारोह में श्रीसंघ की महिला मण्डलों ने अपने अपने पारम्परिक परिधान पहनकर चल समारोह की शोभा बढ़ायी तथा जैन प्रतीक चिन्ह लेकर पूरे अनुशासित भाव से जुलूस में सहभागिता की। इस चल समारोह में दो बग्गिया गुरुजनों के चित्र लेकर शामिल की गयी युवाओं की टोली ने चल समारोह के दौरान प्रसन्न भाव से संतो के प्रवेश पर नृत्य भी किया।

नीमच

एक नजर में

प्रदेश को 24 नई ट्रेनें मिलीं, नीमच-मंदसौर को एक भी नहीं

नीमच। मध्यप्रदेश को पिछले तीन वर्षों में 10 वंदे भारत एक्सप्रेस और 14 अमृत भारत ट्रेनों की सौगात मिली, लेकिन नीमच-मंदसौर संसदीय क्षेत्र को इनमें से एक भी ट्रेन नहीं मिली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने इसे सांसद सुधीर गुप्ता की निष्क्रियता और क्षेत्र की उपेक्षा बताते हुए कहा कि रेल मंत्रालय स्वयं राज्यसभा में यह जानकारी दे चुका है, ऐसे में सांसद जनता के सामने स्पष्ट करें कि उनके संसदीय क्षेत्र को इस महत्वपूर्ण सुविधा से आखिर क्यों वंचित रखा गया। तरुण बाहेती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अशोक सिंह द्वारा पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में रेल मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि पिछले तीन वर्षों में मध्यप्रदेश में 10 वंदे भारत और 14 अमृत भारत ट्रेनों का संचालन प्रारंभ किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश के कई हिस्सों को आधुनिक रेल सेवाओं से जोड़ा गया, तब नीमच-मंदसौर संसदीय क्षेत्र को पूरी तरह नजरअंदाज क्यों किया गया। बाहेती ने आरोप लगाया कि सांसद सुधीर गुप्ता केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने में तो हमेशा आगे रहते हैं, लेकिन जब अपने संसदीय क्षेत्र के लिए रेल सुविधाओं की मांग उठाने की बात आती है, तब उनकी सक्रियता दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश के अन्य जिलों को वंदे भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें मिल सकती हैं, तो नीमच-मंदसौर को इससे वंचित रखने का कारण सांसद को जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए।

खेल मैदान पर संकट के खिलाफ जनआक्रोश, सड़कों पर उतरे लोग

नीमच। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के ऐतिहासिक खेल मैदान को बचाने की लड़ाई अब जनआंदोलन का रूप लेती दिखाई दे रही है। रविवार को भारत माता चौराहे पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, अभिभावकों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में शहरवासियों ने एकजुट होकर मैदान बचाने के समर्थन में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि वे प्रस्तावित सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय के विरोधी नहीं हैं, बल्कि विद्यालय का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त शासकीय भूमि पर किया जाना चाहिए, ताकि शहर की खेल धरोहर और खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

मैदान नहीं मिटने देंगे... जैसे नारों से गूंजा भारत माता चौराहा- धरना स्थल पर स्कूल भी चाहिए, मैदान भी चाहिए, मैदान बचाओ, भविष्य बचाओ, खिलाड़ियों का हक नहीं छीनने देंगे और मैदान नहीं मिटने देंगे जैसे नारों से पूरा भारत माता चौराहा गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विकास का अर्थ खेल मैदानों को समाप्त करना नहीं, बल्कि शिक्षा और खेल दोनों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है।

इसी मैदान ने दिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाडी- करणी सेना जिला अध्यक्ष गिरिराज सिंह रूपपुरा ने कहा कि इसी मैदान ने नीमच को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी दिए हैं। यदि यह मैदान समाप्त हो गया तो आने वाली पीढ़ियों से उनका सबसे महत्वपूर्ण खेल संसाधन छिन जाएगा। वहीं संडे क्रिकेट क्लब के प्रतिनिधि सुनील जैन ने कहा कि यह मैदान केवल खेल गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि शहर की सामाजिक और सांस्कृतिक धड़कन भी है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे और युवा खेल अभ्यास करते हैं।

कलेक्टर के नाम सौंपा विस्तृत ज्ञापन- धरना-प्रदर्शन के पश्चात खेल मैदान बचाओ संघर्ष समिति ने कलेक्टर के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 का खेल मैदान वर्षों से क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो एवं एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है।

श्री नवकार सेवा संस्थान की नई कार्यकारिणी घोषित, चंदा कोठारी बनीं अध्यक्ष

नीमच। श्री नवकार सेवा संस्थान, नीमच द्वारा नाकोड़ा पार्श्वधाम में मिलन समारोह का आयोजन कर वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समारोह में संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष कल्पना मोगरा की उपस्थिति में वर्तमान अध्यक्ष माया वीरवाल एवं चयन समिति के सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

नई कार्यकारिणी में चंदा कोठारी को अध्यक्ष, कला वीरवाल एवं प्रीति छिंगावत को उपाध्यक्ष, भूमिका जैन को सचिव, मीना दक को कोषाध्यक्ष, संतोष चौहान को सह सचिव तथा टीना सेहलोत को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही संस्था के सभी सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल कर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का निर्णय लिया गया।

मिलन समारोह के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी ने संस्था की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का विश्वास व्यक्त करते हुए समाज सेवा, मानवता, जरूरतमंदों की सहायता एवं जनहित के कार्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों ने विश्वास जताया कि नई टीम के नेतृत्व में श्री नवकार सेवा संस्थान सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगा।

'खेलों से जुड़ो, नशे को छोड़ो' के संदेश के साथ पुलिस कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

नीमच। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0' के अंतर्गत रविवार को नीमच के दशहरा मैदान में पांच दिवसीय पुलिस कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। 'खेलों से जुड़ो, नशे को छोड़ो' थीम पर आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार एवं मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास सहित पुलिस अधिकारी, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों एवं आमजन से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जनजागरण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने बताया कि प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई तक चल रहे 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0' के तहत जिले में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 26 से 30 जुलाई तक दशहरा मैदान में पांच दिवसीय पुलिस कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर नशे से दूर रखना है।

टूर्नामेंट में जिले की 16 फुटबॉल टीमें भाग ले रही हैं। इनमें अहीर यूनिवर्सल फुटबॉल क्लब, एनएफए, ए यूनियन, ईगल फुटबॉल क्लब, फ्रेंड्स क्लब, नीमच ब्रदर्स, नीमच सिटी फुटबॉल क्लब, सिटी स्पोर्ट्स, ग्वालटोली फुटबॉल क्लब, अहीर क्राउन फुटबॉल क्लब, यंग स्टार फुटबॉल क्लब, चर्चिल फुटबॉल क्लब, एनएफसी, सिटी यूनियन फुटबॉल क्लब, हीरोज फुटबॉल क्लब एवं राज फुटबॉल क्लब शामिल हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से सभी टीमें खेल भावना के साथ नशामुक्त समाज का संदेश भी देंगी।

एक नजर | **टाउन हॉल में युवा मेघवाल समाज का भव्य आयोजन**

110 प्रतिभाओं का सम्मान, करियर मार्गदर्शन से युवाओं को मिली नई उड़ान

नीमच। शिक्षा, प्रतिभा और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित एक प्रेरणादायक आयोजन रविवार को नीमच के टाउन हॉल में देखने को मिला। युवा मेघवाल समाज संगठन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय चतुर्थ प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में समाज के 110 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं, नव नियुक्त एवं पदोन्नत कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के युवाओं को शिक्षा, खेल और रोजगार

के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना और उन्हें सही करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना रहा।। समारोह में प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। युवा मेघवाल समाज संगठन के अध्यक्ष राकेश जावेरिया ने बताया कि संगठन लगातार चौथे वर्ष इस प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं, नव नियुक्त एवं पदोन्नत कर्मचारियों तथा गत वित्तीय वर्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ आयोजित करियर मार्गदर्शन सत्र विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विशेषज्ञों ने 10वीं एवं 12वीं के बाद विषय चयन, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रोजगार के अवसर और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि सही समय पर सही निर्णय और निरंतर मेहनत ही सफलता की कुंजी है। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, आवश्यकता केवल सही दिशा, उचित मार्गदर्शन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने की है। उन्होंने कहा कि आज सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।